
रविवार
रविवारीय
बंगाल
25 नवम्बर, 2018
मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष द्वितीया 2, विक्रम संवत् 2075
मूल्य 7.00 रु., कुल पेज 22
शिल्पांचल
卐 ।। श्री हरिः ।। 卐
सन्मार्ग
नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः
www.sanmarg.in वर्ष 73, अंक 240, पूर्णांक 25342
बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक





9
विफलता छिपाने के लिए भाजपा उठा रही राम मंदिर का मुद्दा : मायावती



**दीवार लेखन :** तृणमूल कांग्रेस द्वारा आगामी 19 जनवरी को ब्रिगेड मैदान में आयोजित सभा को सफल बनाने के लिये जोर-शोर से प्रचार किया जा रहा है। इसे लेकर हीरापुर ब्लॉक तृणमूल युवा कांग्रेस द्वारा दीवार लेखन किया गया। कर्मियों द्वारा शनिवार को स्टेशन रोड में दीवार लेखन किया गया। इस मौके पर एमएमआईसी अंजना शर्मा, तृणमूल युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अमित सेन व अन्य तृणमूल कर्मी, समर्थकों ने दीवार लेखन किया।

# आसनसोल

**शव बरामद :** हीरापुर थाना अंतर्गत छोटादिघारी आदिवासी पाड़ा इलाका निवासी रवि किस्कु (38) के शव को इलाके के तालाब के किनारे देखा गया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस घटना को लेकर इलाके में शोक का माहौल बना हुआ है।

## डीपीएस में स्कॉलर बैज सेरेमनी का आयोजन




विद्यार्थियों को संबोधित करते डॉ. एएन झा

**सन्मार्ग संवाददाता**

**आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में शनिवार को स्कॉलर बैज सेरेमनी-2018 का आयोजन किया गया। उक्त समारोह में कक्षा 1 से 9 तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को सत्र : 2017-18 में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने हेतु सम्मानित किया गया। उक्त समारोह का शुभारम्भ आसनसोल रेल मंडल के सीनियर डिविजनल सेक्यूरिटी कमिश्नर डॉ. एएन झा ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना गीत से हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि ने 81 अति मेधावी छात्रों को विशिष्ट प्रशस्ति पत्र एवं स्कॉलर बैज देकर सम्मानित किया। इस मौके पर छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. एनझा झा ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने में अन्य साधनों के साथ–साथ शिक्षा का भी अहम योगदान होता है। शिक्षा ही उन सभी मार्गों को प्रशस्त करती है जो सफलता की ओर जाते हैं, इसलिए कठिन परिश्रम से शिक्षा अर्जन को अपना लक्ष्य बनाकर चलना 1 विद्यार्थी का धर्म होना चाहिए। वहीं इस मौके पर अभिभावकों तथा छात्रों को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने कहा कि छात्रों की इस उपलब्धि में अभिभावकों का भी उतना ही योगदान है जितना अध्यापकों और छात्रों का। परिवार का वातावरण बच्चे को सही दिशा-निर्देश देने का सर्वोत्तम साधन है। इसी के साथ उन्होंने छात्रों को प्रत्येक क्षेत्र में अपना शत–प्रतिशत देकर सफलता को सुनिश्चित करने का मन्त्र भी दिया। इस मौके पर दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रबंध न्यासी प्रतीक गोयनका के अलावा स्कूल के अध्यापक, छात्र तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।